**अध्याय-10**

# सदिश बीजगणित

## (Vector Algebra)

### (Important Formulae and Definitions)

1. दो सदिशों $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ का अदिश गुणन जबकि उनके बीच कोण θ हो, तो

$$\vec{a}\cdot\vec{b} = ab\cos\theta.$$

2. दो सदिशों के लम्ब होने का प्रतिबन्ध $\vec{a}\cdot\vec{b} = 0$.

3. $\hat{i}, \hat{j}, \hat{k}$ लाम्बिक सदिश हों, तब

$$\hat{i}\cdot\hat{i} = \hat{j}\cdot\hat{j} = \hat{k}\cdot\hat{k} = \hat{i}^2 = \hat{j}^2 = \hat{k}^2 = 1$$

$$\hat{i}\cdot\hat{j} = \hat{j}\cdot\hat{i} = \hat{j}\cdot\hat{k} = \hat{k}\cdot\hat{j} = \hat{k}\cdot\hat{i} = \hat{i}\cdot\hat{k} = 0$$

4. दो सदिशों $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ का सदिश गुणन जबकि इनके बीच कोण θ हो

$$\vec{a}\times\vec{b} = ab\sin\theta.\hat{n},$$

जहाँ $\hat{n}$ इकाई सदिश $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ पर लम्ब सदिश है।

5. $\hat{i},\hat{j},\hat{k}$ लाम्बिक सदिश हों, तब

$$\hat{i}\times\hat{i} = \hat{j}\times\hat{j} = \hat{k}\times\hat{k} = 0$$

$$\hat{i}\times\hat{j} = \hat{k}, \hat{j}\times\hat{i} = -\hat{k}$$

$$\hat{j}\times\hat{k} = \hat{i}, \hat{k}\times\hat{j} = -\hat{i}$$

$$\hat{k}\times\hat{i} = \hat{j}, \hat{i}\times\hat{k} = -\hat{j}$$

6. यदि किसी त्रिभुज की दो आसन्न भुजाएँ $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ हों, तब त्रिभुज का क्षेत्रफल

$$= \frac{1}{2}|\vec{a} \times \vec{b}|$$

7. यदि किसी चतुर्भुज के दो विकर्ण $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ हों, तब

$$\text{चतुर्भुज का क्षेत्रफल} = \frac{1}{2}|\vec{a} \times \vec{b}|$$

8. समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल जिसकी सदिश भुजाएँ $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ हैं $= |\vec{a} \times \vec{b}|$.

9. बल $\vec{F}$ द्वारा किया गया कार्य, $W = |\vec{F}||\vec{d}|\cos\theta = \vec{F}.\vec{d}$

10. बल $\vec{F}$ का आघूर्ण $= \vec{r} \times \vec{F}$

11. दो सदिशों का योग :

माना $\vec{OA} = \vec{a}, \vec{OB} = \vec{b}$, तब $\vec{OC} = \vec{OA} + \vec{OB} = \vec{a} + \vec{b}$.

12. स्थिति सदिश :

$$\vec{AB} = \vec{OB} - \vec{OA},$$

जहाँ $O$ मूलबिन्दु है।

13. विभाजन बिन्दु का स्थिति सदिश:

बिन्दु $P$ का स्थिति सदिश जो रेखा $AB$ को एक दिए हुए अनुपात $m : n$ में विभाजित करता हो

$$\vec{OP} = \frac{m.\vec{OB} + n.\vec{OA}}{m+n}$$

यदि $P$, $AB$ का मध्य बिन्दु हो, तब

$$\vec{OP} = \frac{1}{2}(\vec{a} + \vec{b}).$$

14. $\vec{r} = x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}$

$$\text{एकक सदिश } \vec{r} = \frac{x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}}{|x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}|}$$


15. $\vec{r} = a_1\hat{i} + a_2\hat{j} + a_3\hat{k}$

$$\text{दिक्-कोज्या } \cos\alpha = \frac{a_1}{\sqrt{a_1^2 + a_2^2 + a_3^2}}, \cos\beta = \frac{a_2}{\sqrt{a_1^2 + a_2^2 + a_3^2}}, \cos\gamma = \frac{a_3}{\sqrt{a_1^2 + a_2^2 + a_3^2}}$$

## प्रश्नावली 10.1

**प्रश्न 1. उत्तर से 30° पूर्व में 40 km के विस्थापन का आलेखीय निरूपण कीजिए।**

**हल :**




**प्रश्न 2. निम्नलिखित मापों को अदिश एवं सदिश के रूप में श्रेणीबद्ध कीजिए :**

**(i) 10 kg** **(ii) 2 मीटर उत्तर-पश्चिम** **(iii) 40°**

**(iv) 40 वाट** **(v) $10^{-19}$ कूलम्ब** **(vi) 20 m/sec$^2$**

**हल : अदिश :** (i) 10 kg (iii) 40° (iv) 40 वाट (v) $10^{-19}$ कूलम्ब

**सदिश :** (ii) 2 मीटर उत्तर-पश्चिम (vi) 20 m/sec$^2$ **उत्तर**

**प्रश्न 3. निम्नलिखित को अदिश एवं सदिश राशियों के रूप में श्रेणीबद्ध कीजिए :**

**(i) समय कालांश** **(ii) दूरी** **(iii) बल**

**(iv) वेग** **(v) कार्य**

**हल : अदिश राशि :** (i) समय कालांश (ii) दूरी (v) कार्य

**सदिश राशि :** (iii) बल (iv) वेग। **उत्तर**

**प्रश्न 4. आकृति (एक वर्ग) में निम्नलिखित सदिशों को पहचानिए :**

**(i) सह-आदिम** **(iii) समान** **(iii) संरेख परन्तु असमान**


**हल :** (i) सह-आदिम सदिश :

$$\vec{AB} = \vec{a} \text{ तथा } \vec{BC} = \vec{b}$$

(ii) समान : $\vec{AD} = \vec{d}, \vec{BC} = \vec{b}$

(iii) संरेख परन्तु असमान :

$$\vec{AB} = \vec{a}, \vec{CD} = \vec{c}$$




**प्रश्न 5. निम्नलिखित का उत्तर सत्य अथवा असत्य के रूप में दीजिए :**

**(i) $\vec{a}$ और $-\vec{a}$ संरेख हैं।**

**(ii) दो संरेख सदिशों का परिमाण सदैव समान होता है।**

**(iii) समान परिमाण वाले दो सदिश संरेख होते हैं।**

**(iv) समान परिमाण वाले दो संरेख सदिश समान होते हैं।**

हल : (i) सत्य (ii) असत्य (iii) असत्य (iv) असत्य

## प्रश्नावली 10.2

**प्रश्न 1. निम्नलिखित सदिशों के परिमाण का परिकलन कीजिए :**

$$\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k},\ \vec{b} = 2\hat{i} - 7\hat{j} - 3\hat{k},\ \vec{c} = \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{i} + \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{j} - \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{k}$$

हल : (i) दिया है : $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$

$\therefore$ $|\vec{a}| = \sqrt{a_1^2 + a_2^2 + a_3^2} = \sqrt{1^2 + 1^2 + 1^2}$

$= \sqrt{3}$. उत्तर

(ii) दिया है : $\vec{b} = 2\hat{i} - 7\hat{j} - 3\hat{k}$

$\therefore$ $|\vec{b}| = \sqrt{b_1^2 + b_2^2 + b_3^2} = \sqrt{2^2 + (-7)^2 + (-3)^2}$

$= \sqrt{4 + 49 + 9} = \sqrt{62}$. उत्तर

(iiii) दिया है : $\vec{c} = \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{i} + \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{j} - \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{k}$

$$|\vec{c}| = \sqrt{c_1^2 + c_2^2 + c_3^2}$$

$$= \sqrt{\left(\frac{1}{\sqrt{3}}\right)^2 + \left(\frac{1}{\sqrt{3}}\right)^2 + \left(-\frac{1}{\sqrt{3}}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{1}{3} + \frac{1}{3} + \frac{1}{3}} = \sqrt{\frac{3}{3}} = 1.$$ उत्तर

**प्रश्न 2. समान परिमाण वाले दो विभिन्न सदिश लिखिए।**

हल : मान लीजिए सदिश $\vec{a} = 2\hat{i} + \vec{j} + \hat{k}$ तथा $\vec{b} = \hat{i} + \vec{j} + 2\hat{k}$ दो विभिन्न सदिश हों, तब उनके परिमाण :

$$|\vec{a}| = \sqrt{2^2 + 1^2 + 1^2} = \sqrt{6} \text{ तथा } |\vec{b}| = \sqrt{1^2 + 1^2 + 2^2} = \sqrt{6}$$

इस प्रकार $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ दो सदिश हैं जिनके परिमाण समान हैं। उत्तर

**प्रश्न 3. समान दिशा वाले दो विभिन्न सदिश लिखिए।**

हल : मान लीजिए समान दिशा वाले दो सदिश $\vec{a} = \hat{i} + \vec{j} + \hat{k}$ तथा $\vec{b} = 3\hat{i} + 3\vec{j} + 3\hat{k}$ हैं।

$\vec{a}$ के दिक्-कोसाइन $= \left(\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}\right)$

$\vec{b}$ के दिक्-कोसाइन $= \left(\frac{3}{\sqrt{27}}, \frac{3}{\sqrt{27}}, \frac{3}{\sqrt{27}}\right)$ या $\left(\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}\right)$

$$|\vec{a}| = \sqrt{1^2+1^2+1^2} = \sqrt{3}$$

$$|\vec{b}| = \sqrt{3^2+3^2+3^2} = \sqrt{27} = 3\sqrt{3}$$

$$|\vec{a}| \neq |\vec{b}| \Rightarrow \vec{a} \neq \vec{b}$$

अत: इस प्रकार $\vec{a}, \vec{b}$ एक ही दिशा में हैं परन्तु परिमाण विभिन्न हैं। उत्तर

**प्रश्न 4. $x$ और $y$ के मान ज्ञात कीजिए ताकि सदिश $2\hat{i} + 3\hat{j}$ और $x\hat{i} + y\hat{j}$ समान हों।**

हल : दिया है : $2\hat{i} + 3\hat{j} = x\hat{i} + y\hat{j}$

तब, $x = 2, y = 3.$ उत्तर

**प्रश्न 5. एक सदिश का प्रारम्भिक बिन्दु (2, 1) है और अन्तिम बिन्दु (– 5, 7) है। इस सदिश के अदिश एवं सदिश घटक ज्ञात कीजिए।**

हल : माना सदिश का प्रारम्भिक बिन्दु $A(2, 1)$ अर्थात् $x_1 = 2$ और $y_1 = 1$ तथा सदिश का अन्तिम बिन्दु $B(-5, 7)$ हो, तब

$$x_2 = -5, y_2 = 7$$

$$\therefore \quad \vec{AB} = (x_2 - x_1)\hat{i} + (y_2 - y_1)\hat{j}$$

$$= (-5-2)\hat{i} + (7-1)\hat{j} = -7\hat{i} + 6\hat{j}$$

अत: $\vec{AB}$ के अदिश घटक – 7 और 6 हैं।

और $\vec{AB}$ के सदिश घटक $-7\hat{i}$ और $6\hat{j}$ हैं। उत्तर

**प्रश्न 6. सदिश $\vec{a} = \hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}, \vec{b} = -2\hat{i} + 4\hat{j} + 5\hat{k}$ और $\vec{c} = \hat{i} - 6\hat{j} - 7\hat{k}$ का योगफल ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया है : $\vec{a} = \hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}$

$$\vec{b} = -2\hat{i} + 4\hat{j} + 5\hat{k}$$

तथा $\vec{c} = \hat{i} - 6\hat{j} - 7\hat{k}$

अत: $(\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}) = (1-2+1)\hat{i} + (-2+4-6)\hat{j} + (1+5-7)\hat{k}$

$$= 0.\hat{i} + (-4)\hat{j} + (-1)\hat{k} = -4\hat{j} - \hat{k}.$$ उत्तर

**प्रश्न 7. सदिश $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k}$ के अनुदिश एक मात्रक सदिश ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया है : $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k}$

$$\therefore \quad |\vec{a}| = \sqrt{1^2+1^2+2^2} = \sqrt{6}$$

$$\vec{a} = \frac{1}{|\vec{a}|}\vec{a} = \frac{1}{\sqrt{6}}(\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k})$$

$$= \frac{1}{\sqrt{6}}\hat{i} + \frac{1}{\sqrt{6}}\hat{j} + \frac{2}{\sqrt{6}}\hat{k}.$$ **उत्तर**

**प्रश्न 8. सदिश $\vec{PQ}$, के अनुदिश मात्रक सदिश ज्ञात कीजिए जहाँ बिन्दु $P$ और $Q$ क्रमशः (1, 2, 3) और (4, 5, 6) हैं।**

हल : $P$ का स्थिति सदिश, $\vec{OP} = \hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}$

तथा $Q$ का स्थिति सदिश, $\vec{OQ} = 4\hat{i} + 5\hat{j} + 6\hat{k}$

∴ $\vec{PQ}$ का स्थिति सदिश $= \vec{OQ} - \vec{OP} = (4\hat{i}+5\hat{j}+6\hat{k}) - (\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})$

$$= (4-1)\hat{i} + (5-2)\hat{j} + (6-3)\hat{k}$$

$$= 3\hat{i}+3\hat{j}+3\hat{k}$$

अतः $|\vec{PQ}| = \sqrt{3^2+3^3+3^2}$

$$= \sqrt{27} = 3\sqrt{3}$$

मात्रक सदिश $\vec{PQ}$ जो $\vec{PQ}$ के अनुदिश है।

$$= \frac{\vec{PQ}}{|\vec{PQ}|}$$

$$= \frac{3\hat{i}+3\hat{j}+3\hat{k}}{3\sqrt{3}} = \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{i} + \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{j} + \frac{1}{\sqrt{3}}\hat{k}.$$

**उत्तर**

**प्रश्न 9. दिए हुए सदिशों $\vec{a} = 2\hat{i} - \hat{j} + 2\hat{k}$ और $\vec{b} = -\hat{i} + \hat{j} - \hat{k}$ के लिए सदिश $\vec{a}+\vec{b}$ के अनुदिश मात्रक सदिश ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया है : $\vec{a} = 2\hat{i} - \hat{j} + 2\hat{k}$

तथा $\vec{b} = -\hat{i} + \hat{j} - \hat{k}$

∴ $\vec{a} + \vec{b} = (2-1)\hat{i} + (-1+1)\hat{j} + (2-1)\hat{k}$

$$= \hat{i} + 0.\hat{j} + \hat{k} = \hat{i} + \hat{k}$$

तथा $|\vec{a} + \vec{b}| = \sqrt{1^2+1^2} = \sqrt{2}$

अत: $\vec{a}+\vec{b}$ के अनुदिश मात्रक सदिश

$$= \frac{1}{|\vec{a}+\vec{b}|}(\vec{a}+\vec{b}) = \frac{1}{\sqrt{2}}(\hat{i}+\hat{k})$$

$$= \frac{1}{\sqrt{2}}\hat{i} + \frac{1}{\sqrt{2}}\hat{k}.$$ उत्तर

**प्रश्न 10. सादिश $5\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}$ के अनुदिश एक ऐसा सदिश ज्ञात कीजिए जिसका परिमाण 8 इकाई है।**

**हल :** मान लीजिए $\vec{a} = 5\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}$

$$|\vec{a}| = \sqrt{5^2+(-1)^2+2^2} = \sqrt{25+1+4} = \sqrt{30}$$

$\therefore$ $\vec{a}$ के अनुदिश मात्रक सदिश $= \dfrac{8\vec{a}}{|\vec{a}|}$

$$= \frac{8(5\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k})}{\sqrt{30}}$$

$$= \frac{40}{\sqrt{30}}\hat{i} - \frac{8}{\sqrt{30}}\hat{j} + \frac{16}{\sqrt{30}}\hat{k}.$$ उत्तर

**प्रश्न 11. दर्शाइए कि सदिश $2\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k}$ और $-4\hat{i}+6\hat{j}-8\hat{k}$ सरेख हैं।**

**हल :** मान लीजिए $\vec{a} = 2\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k}$

तथा $\vec{b} = -4\hat{i}+6\hat{j}-8\hat{k}$

$$= -2(2\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k}) = -2\vec{a}$$

$\Rightarrow$ $\vec{b} = -2\vec{a}$

अत: $\vec{a}$ और $\vec{b}$ सरेख हैं।

**प्रश्न 12. सदिश $\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}$ की दिक्-कोसाइन ज्ञात कीजिए।**

**हल :** सूत्रानुसार,

यदि $\vec{a} = a_1\hat{i}+a_2\hat{j}+a_3\hat{k}$ तो

$$\cos\alpha = \frac{a_1}{\sqrt{a_1^2+a_2^2+a_3^2}}, \cos\beta = \frac{a_2}{\sqrt{a_1^2+a_2^2+a_3^2}}$$

$$\cos\gamma = \frac{a_3}{\sqrt{a_1^2+a_2^2+a_3^2}}$$

मान लीजिए $\vec{a} = \hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}$

यहाँ $a_1 = 1\ a_2 = 2, a_3 = 3$

$\therefore$ $\sqrt{a_1^2+a_2^2+a_3^2} = \sqrt{1^2+2^2+3^2} = \sqrt{1+4+9} = \sqrt{14}$

$\therefore$ $$\cos\alpha = \frac{a_1}{\sqrt{a_1^2+a_2^2+a_3^2}} = \frac{1}{\sqrt{14}}$$

$$\cos\beta = \frac{a_2}{\sqrt{a_1^2+a_2^2+a_3^2}} = \frac{2}{\sqrt{14}}$$

$$\cos\gamma = \frac{a_3}{\sqrt{a_1^2+a_2^2+a_3^2}} = \frac{3}{\sqrt{14}}$$

$\therefore$ अतः $\vec{a}$ के दिक् कोसाइन $= \frac{1}{\sqrt{14}}, \frac{2}{\sqrt{14}}, \frac{3}{\sqrt{14}}$. **उत्तर**

**प्रश्न 13. बिन्दुओं $A(1, 2, -3)$ एवं $B(-1, -2, 1)$ को मिलाने वाले एवं $A$ से $B$ की तरफ दिष्ट सदिश की दिक् cosine ज्ञात कीजिए।**

**हल :** $A$ का स्थिति सदिश, $\vec{OA} = \hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k}$

$B$ का स्थिति सदिश, $\vec{OB} = -\hat{i}-2\hat{j}+\hat{k}$

$\therefore$ $\vec{AB}$ का स्थिति सदिश $= \vec{OB} - \vec{OA}$

$$= (-\hat{i}-2\hat{j}+\hat{k}) - (\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})$$

$$\vec{AB} = (-1-1)\hat{i}+(-2-2)\hat{j}+(1+3)\hat{k}$$

$$= -2\hat{i}-4\hat{j}+4\hat{k}$$

अब $|\vec{a}| = \sqrt{(-2)^2+(-4)^2+4^2}$

$$= \sqrt{4+16+16} = 6$$

हम जानते हैं कि $a_1\hat{i}+a_2\hat{j}+a_3\hat{k}$ के दिक् – कोसाइन $= \frac{a_1}{|\vec{a}|}, \frac{a_2}{|\vec{a}|}, \frac{a_3}{|\vec{a}|}$

अतः $-2\hat{i}+4\hat{j}+4\hat{k}$ के दिक्-कोसाइन $= \frac{-2}{6}, \frac{-4}{6}, \frac{4}{6}$ अर्थात् $\frac{-1}{3}, \frac{-2}{3}, \frac{2}{3}$ **उत्तर**

**प्रश्न 14. दर्शाइए कि सदिश $\hat{i}+\hat{j}+\hat{k}$ अक्षों $OX, OY, OZ$ के साथ बराबर झुका हुआ है।**

**हल :** चूँकि $\vec{a} = a_1\hat{i}+a_2\hat{j}+a_3\hat{k}$ के दिक्-कोसाइन

$\frac{a_1}{|\vec{a}|}, \frac{a_2}{|\vec{a}|}, \frac{a_3}{|\vec{a}|}$ हैं।

यहाँ पर ज्ञात है $\quad \vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$

इसलिए $\quad |\vec{a}| = \sqrt{1^2 + 1^2 + 1^2} = \sqrt{3}$

$\therefore \quad \cos\alpha = \frac{1}{\sqrt{3}}, \cos\beta = \frac{1}{\sqrt{3}}, \cos\gamma = \frac{1}{\sqrt{3}}$

$$\alpha = \cos^{-1}\frac{1}{\sqrt{3}}, \beta = \cos^{-1}\frac{1}{\sqrt{3}}, \gamma = \cos^{-1}\frac{1}{\sqrt{3}}$$

स्पष्टतः दिया हुआ सदिश *OX, OY, OZ* के साथ एक ही कोण बनाता है अर्थात् दिया हुआ सदिश निर्देशांक अक्षों के साथ बराबर झुका हुआ है।

**प्रश्न 15. बिन्दुओं $P(i + 2\hat{j} - \hat{k})$ और $Q(-\hat{i} + \hat{j} + \hat{k})$ को मिलाने वाली रेखा को 2 : 1 के अनुपात में**
**(i) अन्तः**
**(ii) बाह्य, विभाजित करने वाले बिन्दु *R* का स्थिति सदिश ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया है $\quad \vec{OP} = \hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k}$

तथा $\quad \vec{OQ} = -\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$

हम जानते हैं कि $\vec{OP}$ और $\vec{OQ}$ को अन्तः $m : n$ के अनुपात में विभाजित करने वाले बिन्दु के निर्देशांक = $\frac{m\vec{OQ} + n\vec{OP}}{m+n}$ हैं, जहाँ $m : n = 2 : 1$ है।

$\therefore$ *PQ* को अन्तः 2 : 1 अनुपात में विभाजित करने वाला बिन्दु

$$= \frac{2 \times (-\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}) + 1\,(\hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k})}{2+1}$$

$$= \frac{(-2+1)\hat{i} + (2+2)\hat{j} + (2-1)\hat{k}}{3}$$

$$= \frac{-\hat{i} + 4\hat{j} + \hat{k}}{3}$$

$$= -\frac{1}{3}\hat{i} + \frac{4}{3}\hat{j} + \frac{1}{3}\hat{k}.$$ उत्तर

(ii) इसी प्रकार *PQ* को बाह्य 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करने वाला बिन्दु

$$= \frac{m\vec{OQ} - n\vec{OP}}{m-n}$$

$$= \frac{2(-\hat{i}+\hat{j}+\hat{k})-1(\hat{i}+2\hat{j}-\hat{k})}{2-1}$$

$$= \frac{(-2-1)\hat{i}+(2-2)\hat{j}+(2+1)\hat{k}}{1}$$

$$= -3\hat{i}+0.\hat{j}+3\hat{k} = -3\hat{i}+3\hat{k}.$$ उत्तर

**प्रश्न 16. दो बिन्दुओं $P(2, 3, 4)$ और $Q(4, 1, -2)$ को मिलाने वाले सदिश का मध्य बिन्दु ज्ञात कीजिए।**

हल : $P$ का स्थिति सदिश, $\overrightarrow{OP} = 2\hat{i}+3\hat{j}+4\hat{k}$

$B$ का स्थिति सदिश, $\overrightarrow{OQ} = 4\hat{i}+\hat{j}-2\hat{k}$

हम जानते हैं कि $\overrightarrow{OP}$ और $\overrightarrow{OQ}$ को मिलाने वाले सदिश का मध्य बिन्दु $\frac{\overrightarrow{OP}+\overrightarrow{OQ}}{2}$ होता है।

$\therefore$ $\overrightarrow{OP}$ और $\overrightarrow{OQ}$ को मिलाने वाले सदिश का मध्य बिन्दु

$$= \frac{(2\hat{i}+3\hat{j}+4\hat{k})+(4\hat{i}+\hat{j}-2\hat{k})}{2}$$

$$= \frac{(2+4)\hat{i}+(3+1)\hat{j}+(4-2)\hat{k}}{2}$$

$$= \frac{6\hat{i}+4\hat{j}+2\hat{k}}{2} = 3\hat{i}+2\hat{j}+\hat{k}.$$ उत्तर

**प्रश्न 17. दर्शाइए कि बिन्दु $A$, $B$ और $C$ जिनके स्थिति सदिश क्रमशः $\vec{a} = 3\hat{i}-4\hat{j}-4\hat{k}$, $\vec{b} = 2\hat{i}-\hat{j}+\hat{k}$ और $\vec{c} = \hat{i}-3\hat{j}-5\hat{k}$ हैं, एक समकोण त्रिभुज के शीर्षों के निर्माण करते हैं।**

हल : दिए गए त्रिभुज के शीर्ष

$A(3\hat{i}-4\hat{j}-4\hat{k})$, $B(2\hat{i}-\hat{j}+\hat{k})$ और $C(\hat{i}-3\hat{j}-5\hat{k})$

$$\therefore \quad \overrightarrow{AB} = \vec{b}-\vec{a}$$

$$= (2\hat{i}-\hat{j}+\hat{k})-(3\hat{i}-4\hat{j}-4\hat{k})$$

$$= (2-3)\hat{i}+(-1+4)\hat{j}+(1+4)\hat{k}$$

$$= -\hat{i}+3\hat{j}+5\hat{k}$$

$$\therefore \quad AB^2 = |\overrightarrow{AB}|^2 = (-1)^2+3^2+5^2$$

$$= 1+9+25$$

$$= 35$$

$$\vec{BC} = \vec{c} - \vec{b}$$
$$= (\hat{i} - 3\hat{j} - 5\hat{k}) - (2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k})$$
$$= (1-2)\hat{i} + (-3+1)\hat{j} + (-5-1)\hat{k}$$
$$= -\hat{i} - 2\hat{j} - 6\hat{k}$$

$\therefore$ $$BC^2 = |\vec{BC}|^2 = (-1)^2 + (-2)^2 + (-6)^2$$
$$= 1 + 4 + 36 = 41$$
$$\vec{CA} = \vec{a} - \vec{c} = (3\hat{i} - 4\hat{j} - 4\hat{k}) - (\hat{i} - 3\hat{j} - 5\hat{k})$$
$$= (3-1)\hat{i} + (-4+3)\hat{j} + (-4+5)\hat{k}$$
$$= 2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$$

$\therefore$ $$CA^2 = |\vec{CA}|^2 = 2^2 + (-1)^2 + 1^2 = 4 + 1 + 1 = 6$$

अब $$AB^2 + CA^2 = 35 + 6 = 41 = BC^2$$

या $$AB^2 + CA^2 = BC^2$$

अतः $\Delta ABC$ एक समकोण त्रिभुज है। **इति सिद्धम्।**

**प्रश्न 18. त्रिभुज $ABC$ के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(A) $\vec{AB} + \vec{BC} + \vec{CA} = \vec{0}$ (B) $\vec{AB} + \vec{BC} - \vec{AC} = \vec{0}$

(C) $\vec{AB} + \vec{BC} - \vec{CA} = \vec{0}$ (D) $\vec{AB} - \vec{CB} + \vec{CA} = \vec{0}$

**हल :** सदिशों के योगफल त्रिभुज के नियम से

$$\vec{AB} + \vec{BC} = \vec{CA} \text{ या } \vec{AB} + \vec{BC} = -\vec{AC}$$

या $$\vec{AB} + \vec{BC} + \vec{AC} = \vec{0}$$

या $$\vec{AB} + \vec{BC} - \vec{CA} = \vec{0}$$

अतः विकल्प (C) सही है। **उत्तर**

**प्रश्न 19. यदि $\vec{a}$ और $\vec{b}$ दो संरेख संदिश हैं तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है :**

(A) $\vec{b} = \lambda \vec{a}$, किसी अदिश $\lambda$ के लिए

(B) $\vec{a} = \pm \vec{b}$

(C) $\vec{a}$ और $\vec{b}$ क्रमागत घटक समानुपाती नहीं हैं।

(D) दोनों सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ की दिशा समान है परन्तु परिमाण विभिन्न हैं।

**उत्तर :** (D).

## प्रश्नावली 10.3

**प्रश्न 1. दो सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के परिमाण क्रमशः $\sqrt{3}$ और 2 हैं और $\vec{a} \cdot \vec{b} = \sqrt{6}$ है तो $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच θ कोण हो, तो

$$\cos\theta = \frac{\vec{a}\cdot\vec{b}}{|\vec{b}||\vec{b}|}$$

यहाँ दिया है : $\vec{a}\cdot\vec{b} = \sqrt{6}, |\vec{a}| = \sqrt{3}$ तथा $|\vec{b}| = 2$

$$\therefore \quad \cos\theta = \frac{\sqrt{6}}{(\sqrt{3})(2)} = \frac{(\sqrt{3})(\sqrt{2})}{(\sqrt{3})(2)} = \frac{1}{\sqrt{2}} = \cos\frac{\pi}{4}$$

$$\therefore \quad \theta = \frac{\pi}{4}.$$

उत्तर

**प्रश्न 2. सदिशों $\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k}$ और $3\hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}$ के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए $\vec{a} = (\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k})$

तथा $\vec{b} = (3\hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k})$

और माना $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच यदि θ कोण हो, तो

$$\therefore \quad \cos\theta = \frac{\vec{a}\cdot\vec{b}}{|\vec{b}||\vec{b}|} = \frac{(\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k}).(3\hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k})}{|\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k}||3\hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}|}$$

$$= \frac{1.3 + (-2)(-2) + 3.1}{\sqrt{1^2 + (-2)^2 + 3^2}\sqrt{3^2 + (-2)^2 + 1^2}}$$

$$= \frac{3 + 4 + 3}{\sqrt{1 + 4 + 9}.\sqrt{9 + 4 + 1}}$$

$$= \frac{10}{14} = \frac{5}{7}$$

अतः $\theta = \cos^{-1}\left(\frac{5}{7}\right).$

उत्तर

**प्रश्न 3. सदिश $\hat{i} + \hat{j}$ पर सदिश $\hat{i} - \hat{j}$ का प्रक्षेप ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए $\vec{a} = \hat{i} - \hat{j}, \vec{b} = \hat{i} + \hat{j}$

$\vec{a}$ का $\vec{b}$ पर प्रक्षेप

$\therefore$ $$= \vec{a} \cdot \frac{\vec{b}}{|\vec{b}|}$$

$$= \frac{(\hat{i}-\hat{j}).(\hat{i}+\hat{j})}{|\hat{i}+\hat{j}|}$$

$$= \frac{1-1}{\sqrt{2}} = \frac{0}{\sqrt{2}} = 0.$$ उत्तर

**प्रश्न 4. सदिश $\hat{i} + 3\hat{j} + 7\hat{k}$ का सदिश $7\hat{i} - \hat{j} + 8\hat{k}$ पर प्रक्षेप ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए $\vec{a} = \hat{i} + 3\hat{j} + 7\hat{k}$

तथा $\vec{b} = 7\hat{i} - \hat{j} + 8\hat{k}$

सदिश $\vec{a}$ का $\vec{b}$ पर प्रक्षेप $= \dfrac{\vec{a}.\vec{b}}{|\vec{b}|} = \dfrac{(\hat{i} + 3\hat{j} + 7\hat{k}).(7\hat{i} - \hat{j} + 8\hat{k})}{|7\hat{i} - \hat{j} + 8\hat{k}|}$

$$= \frac{1.7 + 3(-1) + 7.8}{\sqrt{7^2 + (-1)^2 + 8^2}}$$

$$= \frac{7 - 3 + 56}{\sqrt{49 + 1 + 64}}$$

$$= \frac{60}{\sqrt{114}}.$$ उत्तर

**प्रश्न 5. दर्शाइए कि दिए हुए निम्नलिखित तीन सदिशों में से प्रत्येक मात्रक सदिश है।**

$$\frac{1}{7}(2\hat{i} + 3\hat{j} + 6\hat{k}), \frac{1}{7}(3\hat{i} - 6\hat{j} + 2\hat{k}), \frac{1}{7}(6\hat{i} + 2\hat{j} - 3\hat{k})$$

**यह भी दर्शाइए कि ये सदिश परस्पर एक-दूसरे के लम्बवत् हैं।**

हल : मान लीजिए $\vec{a} = \frac{1}{7}(2\hat{i} + 3\hat{j} + 6\hat{k}),\ \vec{b} = \frac{1}{7}(3\hat{i} - 6\hat{j} + 2\hat{k})$

तथा $\vec{c} = \frac{1}{7}(6\hat{i} + 2\hat{j} - 3\hat{k})$

अब $|\vec{a}| = \frac{1}{7}\sqrt{2^2 + 3^2 + 6^2} = \frac{1}{7}\sqrt{4 + 9 + 36}$

$$= \frac{1}{7}\sqrt{49} = \frac{1}{7} \times 7 = 1$$

$$|\vec{b}| = \frac{1}{7}\sqrt{3^2 + (-6)^2 + 2^2} = \frac{1}{7}\sqrt{9 + 36 + 4}$$

$$= \frac{1}{7}\sqrt{49} = \frac{1}{7} \times 7 = 1$$

तथा $$|\vec{c}| = \frac{1}{7}\sqrt{6^2+2^2+(-3)^2} = \frac{1}{7}\sqrt{36+4+9}$$

$$= \frac{1}{7}\sqrt{49} = \frac{1}{7}\times 7 = 1$$

चूँकि तीनों सदिशों $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ का परिमाण 1 है।

∴ ये सदिश मात्रक सदिश हैं। **इति सिद्धम्।**

**(ii)** सदिश $\vec{a}$ सदिश $\vec{b}$ के लम्बवत् होगा यदि $\vec{a}.\vec{b} = 0$

अर्थात् $$\vec{a}.\vec{b} = \left[\frac{1}{7}(2\hat{i}+3\hat{j}+6\hat{k}).\frac{1}{7}(3\hat{i}-6\hat{j}+2\hat{k})\right]$$

$$= \frac{1}{49}[2(3)+(3)(-6)+(6)(2)]$$

$$= \frac{1}{49}(6-18+12) = 0$$

$$\vec{b}.\vec{c} = \frac{1}{7}(3\hat{i}-6\hat{j}+2\hat{k}).\frac{1}{7}(6\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k})$$

$$= \frac{1}{49}[(3)(6)+(-6)(2)+(2)(-3)]$$

$$= \frac{1}{49}(18-12-6) = 0$$

तथा $$\vec{c}.\vec{a} = \frac{1}{7}(6\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k}).\frac{1}{7}(2\hat{i}+3\hat{j}+6\hat{k})$$

$$= \frac{1}{49}[(6)(2)+(2)(3)+(-3)(6)]$$

$$= \frac{1}{49}[12+6-18] = 0$$

∵ $\vec{a}.\vec{b}, \vec{b}.\vec{c}$ तथा $\vec{c}.\vec{a}$ में प्रत्येक का मान शून्य है।

∴ $$\vec{a}\perp\vec{b}, \vec{b}\perp\vec{c}, \vec{c}\perp\vec{a}$$

अतः $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ परस्पर लम्बवत् हैं। **इति सिद्धम्।**

**प्रश्न 6. यदि $(\vec{a}+\vec{b}).(\vec{a}-\vec{b}) = 8$ और $|\vec{a}| = 8|\vec{b}|$ हो तो $|\vec{a}|$ एवं $|\vec{b}|$ ज्ञात कीजिए।**

**हल : दिया है :** $$(\vec{a}+\vec{b}).(\vec{a}-\vec{b}) = 8$$

⇒ $$\vec{a}.\vec{a}-\vec{a}.\vec{b}+\vec{b}.\vec{a}-\vec{b}.\vec{b} = 8$$

परन्तु $$\vec{a}.\vec{b} = \vec{b}.\vec{a}$$

∴ $$\vec{a}\cdot\vec{a}-\vec{a}\cdot\vec{b}+\vec{a}\cdot\vec{b}-\vec{b}\cdot\vec{b} = 8$$

या $\quad \vec{a}.\vec{a}-\vec{b}.\vec{b}=8$

या $\quad |\vec{a}|^2-|\vec{b}|^2=8$

$\Rightarrow \quad 64|\vec{b}|^2-|\vec{b}|^2=8 \qquad [\because |\vec{a}|=8|\vec{b}|]$

या $\quad 63|\vec{b}|^2=8$

$\therefore \quad |\vec{b}|=\sqrt{\frac{8}{63}}=\frac{2\sqrt{2}}{3\sqrt{7}}$

$$=\frac{2}{3}\sqrt{\frac{2}{7}}.$$ उत्तर

और $\quad |\vec{a}|=8|\vec{b}|$

$$=8.\frac{2}{3}\sqrt{\frac{2}{7}}$$

$$=\frac{16}{3}\sqrt{\frac{2}{7}}.$$ उत्तर

**प्रश्न 7. $(3\vec{a}-5\vec{b}).(2\vec{a}+7\vec{b})$ का मान ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया है :

$(3\vec{a}-5\vec{b}).(2\vec{a}+7\vec{b})$

$$=(3\vec{a}).(2\vec{a})+(3\vec{a})\cdot(7\vec{b})+(-5\vec{b}).(2\vec{a})+(-5\vec{b}).(7\vec{b})$$

$$=6|\vec{a}|^2+21(\vec{a}.\vec{b})-10(\vec{b}.\vec{a})-35|\vec{b}|^2 \qquad [\because \vec{a}.\vec{b}=\vec{b}.\vec{a}]$$

$$=6|\vec{a}|^2+21(\vec{a}.\vec{b})-10(\vec{a}.\vec{b})-35|\vec{b}|^2$$

$$=6|\vec{a}|^2+11\vec{a}.\vec{b}-35|\vec{b}|^2.$$ उत्तर

**प्रश्न 8. दो सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के परिमाण ज्ञात कीजिए, यदि इनके परिमाण समान हैं और इनके बीच का कोण 60° है तथा इनका अदिश गुणनफल $\frac{1}{2}$ है।**

हल : दिया है : $\theta = 60°,\ \vec{a}\cdot\vec{b}=\frac{1}{2},\ |\vec{a}|=|\vec{b}|$

सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण यदि θ हो, तो

$$\cos\theta=\frac{\vec{a}.\vec{b}}{|\vec{a}||\vec{b}|} \qquad ...(i)$$

$\therefore \qquad \cos 60° = \dfrac{\frac{1}{2}}{|\vec{a}|^2}$ या $\dfrac{1}{2} = \dfrac{1}{2|\vec{a}|^2}$

या $\qquad |\vec{a}|^2 = 1$ अर्थात् $|\vec{a}| = 1$

अतः $\qquad |\vec{a}| = 1, |\vec{b}| = 1.$ **उत्तर**

**प्रश्न 9. यदि एक मात्रक सदिश $\vec{a}$ के लिए $(\vec{x} - \vec{a}).(\vec{x} + \vec{a}) = 12$ हो तो $|\vec{x}|$ ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दिया है : $\qquad (\vec{x} - \vec{a}).(\vec{x} + \vec{a}) = 12$

या $\qquad \vec{x}.\vec{x} + \vec{x}.\vec{a} - \vec{a}.\vec{x} - \vec{a}.\vec{a} = 12$

या $\qquad |\vec{x}|^2 - |\vec{a}|^2 = 12 \qquad [\because \vec{x}.\vec{a} = \vec{a}.\vec{x}]$

या $\qquad |\vec{x}|^2 - 1 = 12 \qquad [\because |\vec{a}| = 1$ दिया है]

$$|\vec{x}|^2 = 13$$

$$|\vec{x}| = \sqrt{13}.$$ **उत्तर**

**प्रश्न 10. यदि $\vec{a} = 2\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}$, $\vec{b} = -\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k}$ और $\vec{c} = 3\hat{i} + \hat{j}$ इस प्रकार हैं कि $\vec{a} + \lambda\hat{b}$, $\vec{c}$ पर लम्ब है तो $\lambda$ का मान ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दिया है : $\qquad \vec{a} = 2\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}$

तथा $\qquad \vec{b} = -\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k}$

$$\therefore \qquad \vec{a} + \lambda\vec{b} = (2\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}) + \lambda(-\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k})$$
$$= (2-\lambda)\hat{i} + (2+2\lambda)\hat{j} + (3+\lambda)\hat{k}$$

तथा दिया है कि $\vec{a} + \lambda\vec{b}$, $\vec{c} = 3\hat{i} + \hat{j}$ पर लम्ब है।

अर्थात् $\qquad \vec{a} + \lambda\vec{b} \perp \vec{c}$

या $\qquad (\vec{a} + \lambda\vec{b}).c = 0$

या $\qquad [(2-\lambda)\hat{i} + (2+2\lambda)\hat{j} + (3+\lambda)\hat{k}].[3\hat{i} + \hat{j}] = 0$

$\therefore \qquad 3(2-\lambda) + (2+2\lambda).1 + (3+\lambda).0 = 0$

$\therefore \qquad 6 - 3\lambda + 2 + 2\lambda = 0$

या $\qquad 8 - \lambda = 0$

$\therefore \qquad \lambda = 8.$ **उत्तर**

**प्रश्न 11. दर्शाइए कि शून्येतर सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के लिए $|\vec{a}|\vec{b} + |\vec{b}|\vec{a}, |\vec{a}|\vec{b} - |\vec{b}|\vec{a}$ पर लम्ब हैं।**

हल : दिया है : $[|\vec{a}|\vec{b}+|\vec{b}|\vec{a}], |\vec{a}|\vec{b}-|\vec{b}|\vec{a}]$ पर लम्ब है।

यदि $[|\vec{a}|\vec{b}+|\vec{b}|\vec{a}].|\vec{a}|\vec{b}-|\vec{b}|\vec{a} = 0$

बायाँ पक्ष $= |\vec{a}|\vec{b}\cdot|\vec{a}|\vec{b} - |\vec{a}|\vec{b}|\vec{b}|.\vec{a} + |\vec{b}|\cdot|\vec{a}|\vec{b}\vec{a} - |\vec{b}|^2\vec{a}.\vec{a}$

$= |\vec{a}|^2\vec{b}.\vec{b} - |\vec{a}|\vec{b}|\vec{a}.\vec{b} + |\vec{a}||\vec{b}|$

$\vec{a}.\vec{b} - |\vec{b}|^2|\vec{a}|^2$ $[\because \vec{b}.\vec{a} = \vec{a}.\vec{b}]$

$= |\vec{a}|^2|\vec{b}|^2 - |\vec{a}|^2|\vec{b}|^2 = 0.$

अत: दिए गए सदिश एक-दूसरे पर लम्ब हैं। इति सिद्धम्।

**प्रश्न 12. यदि $\vec{a}.\vec{a} = 0$ और $\vec{a}.\vec{b} = 0$, तो सदिश $\vec{b}$ के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

हल : दिया है : $\vec{a}.\vec{a} = 0$ और $\vec{a}.\vec{b} = 0$

$\vec{a}.\vec{a} = 0$

$\therefore$ $|\vec{a}|^2 = 0$ या $|\vec{a}| = 0$

$\vec{a}.\vec{b} = |\vec{a}||\vec{b}|\cos\theta = 0$ $[\because |\vec{a}| = 0]$

अत: $\vec{b}$ कोई भी सदिश हो सकता है। उत्तर

**प्रश्न 13. यदि $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ मात्रक सदिश इस प्रकार हैं कि $\vec{a}+\vec{b}+\vec{c} = \vec{0}$, तो $\vec{a}.\vec{b}+\vec{b}.\vec{c}+\vec{c}.\vec{a}$ का मान ज्ञात कीजिए।**

हल : $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ मात्रक सदिश हैं। (दिया है)

$\therefore$ $|\vec{a}| = |\vec{b}| = |\vec{c}| = 1$

अब $\vec{a}+\vec{b}+\vec{c} = 0$

या $\vec{a}+\vec{b} = -\vec{c}$ ...(i)

या $\vec{a}.(\vec{a}+\vec{b}) = \vec{a}.(-\vec{c})$

या $\vec{a}.\vec{a}+\vec{a}.\vec{b} = -\vec{a}.\vec{c}$

या $|\vec{a}|^2 + \vec{a}.\vec{b} + \vec{c}.\vec{a} = 0$ $[\because |\vec{a}| = 1]$

या $\vec{a}.\vec{b}+\vec{c}.\vec{a}=-1$ ...(ii)

पुन: समीकरण (i) से,

$$\vec{b}.(\vec{a}+\vec{b})=\vec{b}.(-\vec{c})$$

या $\vec{b}.\vec{a}+\vec{b}.\vec{b}=-\vec{b}.\vec{c}$

$$\vec{a}.\vec{b}+|\vec{b}|^2+\vec{b}.\vec{c}=0 \quad [\because |\vec{b}|=1]$$

या $\vec{a}.\vec{b}+\vec{b}.\vec{c}=-1$ ...(iii)

पुन: समीकरण (i) से,

$$\vec{c}.(\vec{a}+\vec{b})=\vec{c}.(-\vec{c})$$

$$\vec{c}.\vec{a}+\vec{c}.\vec{b}=-\vec{c}.\vec{c}$$

$$\vec{c}.\vec{a}+\vec{b}.\vec{c}+|\vec{c}|^2=0$$

या $\vec{c}.\vec{a}+\vec{b}.\vec{c}=-1$ ...(iv)

समीकरण (ii), (iii) और (iv) को जोड़ने पर

$$2(\vec{a}.\vec{b}+\vec{b}.\vec{c}+\vec{c}.\vec{a})=-3$$

$\Rightarrow$ $\vec{a}.\vec{b}+\vec{b}.\vec{c}+\vec{c}.\vec{a}=-\frac{3}{2}.$ **उत्तर**

**प्रश्न 14. यदि $\vec{a}=\vec{0}$ अथवा $\vec{b}=\vec{0}$ तब $\vec{a}.\vec{b}=0$ परन्तु विलोम का सत्य होना आवश्यक नहीं है। एक उदाहरण द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।**

हल : दिया है, जब $\vec{a}=0$ या $\vec{b}=0$ तब $\vec{a}.\vec{b}=0$ परन्तु यदि $\vec{a}.\vec{b}=0$ हो तो $\vec{a}$ और $\vec{b}$ का शून्य होना सत्य नहीं है।

मान लीजिए $\vec{a}=\hat{i}-2\hat{j}+k, \vec{b}=\hat{i}+3\hat{j}+5\hat{k}$

$$|\vec{a}|=\sqrt{1^2+(-2)^2+1^2}=\sqrt{1+4+1}=\sqrt{6}$$

$$|\vec{b}|=\sqrt{1^2+3^2+5^2}=\sqrt{1+9+25}=\sqrt{35}$$

$$\vec{a}.\vec{b}=(\hat{i}-2\hat{j}+\hat{k})(\hat{i}+3\hat{j}+5\hat{k})$$
$$=1.1-2\times 3+1\times 5=1-6+5=0$$

अत: $\vec{a}.\vec{b}=0$ परन्तु $\vec{a}\neq 0, \vec{b}\neq 0.$

**प्रश्न 15. यदि किसी त्रिभुज *ABC* के शीर्ष *A, B, C* क्रमश: (1, 2, 3), (– 1, 0, 0), (0, 1, 2) हैं तो $\angle ABC$ ज्ञात कीजिए। [$\angle ABC$, सदिशों $\vec{BA}$ एवं $\vec{BC}$ के बीच का कोण है।]**

हल : मान लीजिए $O$ मूल बिन्दु हो तो

$A$ का स्थिति सदिश, $\vec{OA} = \hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}$, $B$ का स्थिति सदिश $\vec{OB} = -\hat{i}$,

तथा $C$ का स्थिति सदिश, $\vec{OC} = \hat{j} + 2\hat{k}$

$$\therefore \quad \vec{BA} = \vec{OA} - \vec{OB} = (\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}) + \hat{i}$$

$$= 2\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}$$

$$|\vec{BA}| = \sqrt{(2)^2 + (2)^2 + (3)^2} = \sqrt{4+4+9}$$

$$= \sqrt{17}$$

तथा

$$\vec{BC} = \vec{OC} - \vec{OB} = (\hat{j} + 2\hat{k}) - (-\hat{i})$$

$$= \hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k}$$

$$|\vec{BC}| = \sqrt{(1)^2 + (1)^2 + (2)^2}$$

$$= \sqrt{1+1+4} = \sqrt{6}$$

सदिश $\vec{BC}$ और $\vec{BA}$ के बीच कोण $\angle ABC$

$$\therefore \quad \cos ABC = \frac{\vec{BC}.\vec{BA}}{|\vec{BC}||\vec{BA}|}$$

$$= \frac{(\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k}).(2\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k})}{\sqrt{6}.\sqrt{17}}$$

$$= \frac{2.1 + 2.1 + 3.2}{\sqrt{102}}$$

$$= \frac{2+2+6}{\sqrt{102}} = \frac{10}{\sqrt{102}} = \frac{10}{\sqrt{102}}$$

$$\Rightarrow \quad \angle ABC = \cos^{-1}\left(\frac{10}{\sqrt{102}}\right).$$ उत्तर

**प्रश्न 16. दर्शाइए कि बिन्दु $A(1, 2, 7)$, $B(2, 6, 3)$, $C(3, 10 - 1)$ सरेख हैं।**

हल : दिए गए बिन्दुओं के स्थिति सदिश

$$\vec{OA} = \hat{i} + 2\hat{j} + 7\hat{k}, \quad \vec{OB} = 2\hat{i} + 6\hat{j} + 3\hat{k}$$

तथा

$$\vec{OC} = 3\hat{i} + 10\hat{j} - \hat{k}$$

$$\because \quad \vec{AB} = \vec{OB} - \vec{OA}$$

$$= (2\hat{i} + 6\hat{j} + 3\hat{k}) - (\hat{i} + 2\hat{j} + 7\hat{k})$$

$$= \hat{i} + 4\hat{j} - 4\hat{k}$$

तथा $$\overrightarrow{BC} = \overrightarrow{OC} - \overrightarrow{OB}$$

$$= (3\hat{i} + 10\hat{j} - \hat{k}) - (2\hat{i} + 6\hat{j} + 3\hat{k})$$

$$= \hat{i} + 4\hat{j} - 4\hat{k}$$

इसी प्रकार $$\overrightarrow{AC} = \overrightarrow{OC} - \overrightarrow{OA}$$

$$= (3\hat{i} + 10\hat{j} - \hat{k}) - (\hat{i} + 2\hat{j} + 7\hat{k})$$

$$= 2\hat{i} + 8\hat{j} - 8\hat{k}$$

$$= 2(\hat{i} + 4\hat{j} - 4\hat{k})$$

अर्थात् $\overrightarrow{AB}$, $\overrightarrow{BC}$ और $\overrightarrow{AC}$ एक ही सदिश $\hat{i} + 4\hat{j} - 4\hat{k}$ को निरूपित करते हैं।
अत: $A, B, C$ सरेख हैं। **इति सिद्धम्।**


**प्रश्न 17. दर्शाइए कि सदिश $2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$, $\hat{i} - 3\hat{j} - 5\hat{k}$ और $(3\hat{i} - 4\hat{j} - 4\hat{k})$ एक समकोण त्रिभुज के शीर्षों की रचना करते हैं।**

हल : मान लीजिए दिए हुए सदिशों $2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$, $\hat{i} - 3\hat{j} - 5\hat{k}$ और $3\hat{i} - 4\hat{j} - 4\hat{k}$ को क्रमश: $A, B$ तथा $C$ से व्यक्त करें, तब

$A$ का स्थिति सदिश $\overrightarrow{OA} = 2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$,

$B$ का स्थिति सदिश $\overrightarrow{OB} = \hat{i} - 3\hat{j} - 5\hat{k}$

और $C$ का स्थिति सदिश $\overrightarrow{OC} = 3\hat{i} + 4\hat{j} - 4\hat{k}$




अब $$\overrightarrow{AB} = \overrightarrow{OB} - \overrightarrow{OA}$$

$$= (\hat{i} - 3\hat{j} - 5\hat{k}) - (2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k})$$

$$= -\hat{i} - 2\hat{j} - 6\hat{k}$$

$$|\overrightarrow{AB}| = \sqrt{(-1)^2 + (-2)^2 + (-6)^2}$$
$$= \sqrt{1+4+36} = \sqrt{41}$$
$$\overrightarrow{BC} = \overrightarrow{OC} - \overrightarrow{OB}$$
$$= (3\hat{i} - 4\hat{j} - 4\hat{k}) - (\hat{i} - 3\hat{j} - 5\hat{k})$$
$$= 2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$$
$$|\overrightarrow{BC}| = \sqrt{(2)^2 + (-1)^2 + (1)^2}$$
$$= \sqrt{4+1+1} = \sqrt{6}$$
$$\overrightarrow{CA} = \overrightarrow{OA} - \overrightarrow{OC}$$
$$= (2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}) - (3\hat{i} - 4\hat{j} - 4\hat{k})$$
$$= -\hat{i} + 3\hat{j} + 5\hat{k}$$
$$|\overrightarrow{CA}| = \sqrt{(-1)^2 + (3)^2 + (5)^2}$$
$$= \sqrt{1+9+25} = \sqrt{35}$$

समकोण $\Delta ABC$ के लिए जहाँ $\angle C = 90°$ हो, तब

$$|\overrightarrow{AB}|^2 = |\overrightarrow{BC}|^2 + |\overrightarrow{CA}|^2$$
$$41 = 6 + 35 = 41.$$

अत: दिए गए सदिशों से एक समकोण त्रिभुज की रचना होती है। **इति सिद्धम्।**

**प्रश्न 18. यदि शून्येतर सदिश $\vec{a}$ का परिमाण '$a$' है और $\lambda$ एक शून्येतर अदिश है तो $\lambda\vec{a}$ एक मात्रक सदिश है यदि**

(A) $\lambda = 1$ (B) $\lambda = -1$ (C) $a = |\lambda|$ (D) $a = \frac{1}{|\lambda|}$

हल : दिया है : $\vec{a}$ का परिमाण $= a$

अर्थात् $|\vec{a}| = a$

$\because$ $\lambda\vec{a}$ एक मात्रक सदिश है,

$$|\lambda\vec{a}| = 1$$

$\Rightarrow$ $|\lambda| \cdot |\vec{a}| = 1$

$\Rightarrow$ $|\lambda| \cdot a = 1$

$\Rightarrow$ $a = \frac{1}{|\lambda|}$

अत: विकल्प (D) सही है। **उत्तर**

## प्रश्नावली 10.4

**प्रश्न 1. यदि $\vec{a} = \hat{i} - 7\hat{j} + 7\hat{k}$ और $\vec{b} = 3\hat{i} - 2\hat{j} + 2\hat{k}$ तो $|\vec{a} \times \vec{b}|$ ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया है : $\vec{a} = \hat{i} - 7\hat{j} + 7\hat{k}$ तथा $\vec{b} = 3\hat{i} - 2\hat{j} + 2\hat{k}$

$$\therefore \quad \vec{a} \times \vec{b} = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & -7 & 7 \\ 3 & -2 & 2 \end{vmatrix}$$

$$= \hat{i}(-14+14) - \hat{j}(2-21) + \hat{k}(-2+21) = 19\hat{j} + 19\hat{k}$$

$$\therefore \quad |\vec{a} \times \vec{b}| = \sqrt{19^2 + 19^2} = 19\sqrt{2}.$$ उत्तर

**प्रश्न 2. सदिश $\vec{a} + \vec{b}$ और $\vec{a} - \vec{b}$ की लम्ब दिशा में मात्रक सदिश ज्ञात कीजिए जहाँ $\vec{a} = 3\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k}$ और $\vec{b} = \hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k}$ है।**

हल : दिया है : $\vec{a} = 3\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k}$

तथा $\vec{b} = \hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k}$

$$\therefore \quad \vec{a} + \vec{b} = (3\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k}) + (\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k})$$

$$= (3+1)\hat{i} + (2+2)\hat{j} + (2-2)\hat{k} = 4\hat{i} + 4\hat{j}$$

तथा $$\vec{a} - \vec{b} = (3\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k}) - (\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k})$$

$$= (3-1)\hat{i} + (2-2)\hat{j} + (2+2)\hat{k} = 2\hat{i} + 4\hat{k}$$

मान लीजिए $\vec{a} + \vec{b}$ और $\vec{a} - \vec{b}$ की लम्ब दिशा में सदिश

$$\vec{c} = (\vec{a} + \vec{b}) \times (\vec{a} - \vec{b}) = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 4 & 4 & 0 \\ 2 & 0 & 4 \end{vmatrix}$$

$$= 16\hat{i} - 16\hat{j} - 8\hat{k}$$

$$|\vec{c}| = \sqrt{(16)^2 + (-16)^2 + (-8)^2}$$
$$= \sqrt{256 + 256 + 64}$$
$$= \sqrt{576} = \pm 24$$

$$\text{अभीष्ट मात्रक सदिश} = \frac{\vec{c}}{|\vec{c}|}$$

$$= \pm\frac{16\hat{i}-16\hat{j}-8\hat{k}}{24}$$

$$= \pm\frac{8(2\hat{i}-2\hat{j}-\hat{k})}{24}$$

$$= \pm\frac{2\hat{i}-2\hat{j}-\hat{k}}{3} = \pm\frac{2}{3}\hat{i}\mp\frac{2}{3}\hat{j}\mp\frac{1}{3}\hat{k}.$$ उत्तर

**प्रश्न 3. यदि एक मात्रक सदिश $\vec{a}, \hat{i}$ के साथ $\frac{\pi}{3}, \hat{j}$ के साथ $\frac{\pi}{4}$ और $\hat{k}$ के साथ एक न्यून कोण θ बनाता है तो θ का मान ज्ञात कीजिए और इसकी सहायता से $\vec{a}$ के घटक भी ज्ञात कीजिए।**

हल : माना मात्रक सदिश $\vec{a}$; $\hat{i}, \hat{j}$ तथा $\hat{k}$ के साथ क्रमशः $\alpha, \beta$ तथा $\gamma$ कोण बनाता है, तब दिया है :

$$\alpha = \frac{\pi}{3}, \beta = \frac{\pi}{4} \text{ तथा } \gamma = \theta$$

$\because$ $\cos^2\alpha + \cos^2\beta + \cos^2\gamma = 1$

$\therefore$ $\cos^2\frac{\pi}{3} + \cos^2\frac{\pi}{4} + \cos^2\theta = 1$

या $\frac{1}{4}+\frac{1}{2}+\cos^2\theta = 1$

$\therefore$ $\cos^2\theta = 1-\frac{3}{4} = \frac{1}{4}$

$\therefore$ $\cos\theta = \frac{1}{2}$ अर्थात् $\theta = \frac{\pi}{3}$

अब $\vec{a}$ के घटक $= \cos\frac{\pi}{3}, \cos\frac{\pi}{4}$ तथा $\cos\frac{\pi}{3}$

$= \frac{1}{2}, \frac{1}{\sqrt{2}}$ तथा $\frac{1}{2}$

अतः $\vec{a}$ के घटक $\frac{1}{2}, \frac{1}{\sqrt{2}}, \frac{1}{2}$ तथा $\theta = \frac{\pi}{3}$. उत्तर

**प्रश्न 4. दर्शाइए कि $(\vec{a}-\vec{b})\times(\vec{a}+\vec{b}) = 2(\vec{a}\times\vec{b})$.**

हल : $(\vec{a}-\vec{b})\times(\vec{a}+\vec{b}) = \vec{a}\times(\vec{a}+\vec{b}) - \vec{b}\times(\vec{a}+\vec{b})$

$= \vec{a}\times\vec{a}+\vec{a}\times\vec{b}-\vec{b}\times\vec{a}-\vec{b}\times\vec{b}$

$= 0+\vec{a}\times\vec{b}+\vec{a}\times\vec{b}-0$

$[\because \vec{a}\times\vec{a} = \vec{b}\times\vec{b} = 0, \vec{b}\times\vec{a} = -\vec{a}\times\vec{b}]$

$= 2(\vec{a}\times\vec{b})$. इति सिद्धम्।

**प्रश्न 5. λ और μ ज्ञात कीजिए यदि $(2\hat{i} + 6\hat{j} + 27\hat{k}) \times (\hat{i} + \lambda\hat{j} + \mu\hat{k}) = \vec{0}$.**

हल : दिया है :

$$(2\hat{i} + 6\hat{j} + 27\hat{k}) \times (\hat{i} + \lambda\hat{j} + \mu\hat{k}) = 0$$

$$\therefore \quad \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 2 & 6 & 27 \\ 1 & \lambda & \mu \end{vmatrix} = \vec{0}$$

या $\quad (6\mu - 27\lambda)\hat{i} - (2\mu - 27)\hat{j} + (2\lambda - 6)\hat{k} = 0\cdot\hat{i} + 0\cdot\hat{j} + 0\cdot\hat{k}$

$\hat{i}, \hat{j}$ तथा $\hat{k}$ के गुणांकों की दोनों पक्षों से तुलना करने पर,

| | |
|---|---|
| $2\mu - 27 = 0$ | $2\lambda - 6 = 0$ |
| $2\mu = 27$ | $2\lambda = 6$ |
| $\mu = \frac{27}{2}$ | $\lambda = \frac{6}{2} = 3$ |

अत: $\lambda = 3, \mu = \frac{27}{2}$. **उत्तर**

**प्रश्न 6. दिया हुआ है कि $\vec{a}\cdot\vec{b} = 0$ और $\vec{a}\times\vec{b} = \vec{0}$ सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बारे में आप क्या निष्कर्ष निकाल सकते हैं?**

हल : दिया है : $\quad \vec{a}.\vec{b} = 0$

अर्थात् $\vec{a} = 0$, हो, तब $\quad \vec{b} = 0$ अर्थात् $\vec{a} \perp \vec{b}$ $\quad$ ($\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ शून्येत्तर सदिश होंगे)

$$\vec{a} \times \vec{b} = \vec{0}$$

$\Rightarrow \vec{a} = 0$, या $\quad \vec{b} = 0$, अर्थात् $\vec{a} \parallel \vec{b}$ $\quad$ ($\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ शून्येत्तर सदिश होंगे)

लेकिन $\vec{a} \perp \vec{b}$ और $\vec{a} \parallel \vec{b}$ नहीं हो सकता।

अत: $\quad \vec{a} = 0$ या $\vec{b} = 0$. **उत्तर**

**प्रश्न 7. मान लीजिए सदिश $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ क्रमशः $a_1\hat{i} + a_2\hat{j} + a_3\hat{k}, b_1\hat{i} + b_2\hat{j} + b_3\hat{k}, c_1\hat{i} + c_2\hat{j} + c_3\hat{k}$ के रूप में दिए हुए हैं तब दर्शाइए कि $\vec{a} \times (\vec{b} + \vec{c}) = \vec{a} \times \vec{b} + \vec{a} \times \vec{c}$.**

हल : दिया है : $\quad \vec{a} = a_1\hat{i} + a_2\hat{j} + a_3\hat{k}, \; \vec{b} = b_1\hat{i} + b_2\hat{j} + b_3\hat{k},$

तथा $\quad \vec{c} = c_1\hat{i} + c_2\hat{j} + c_3\hat{k}$

$$\vec{b} + \vec{c} = (b_1 + c_1)\hat{i} + (b_2 + c_2)\hat{j} + (b_3 + c_3)\hat{k}$$

बायाँ पक्ष $\vec{a} \times (\vec{b} + \vec{c}) = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ a_1 & a_2 & a_3 \\ b_1 + c_1 & b_2 + c_2 & b_3 + c_3 \end{vmatrix}$

$$= [a_2(b_3 + c_3) - a_3(b_2 + c_2)]\hat{i}$$

$$- \hat{j}[a_1(b_3 + c_3) - a_3(b_1 + c_1)] + \hat{k}[a_1(b_2 + c_2) - a_2(b_1 + c_1)]$$

$$= [(a_2b_3 - a_3b_2) + (a_2c_3 - a_3c_2)]\hat{i} -$$

$$[(a_1b_3 - a_3b_1) + (a_1c_3 - a_3c_1)]\hat{j} + [(a_1b_2 - a_2b_1) + (a_1c_2 - a_2c_1)]\hat{k}$$

$$= \left[(a_2b_3 - a_3b_2)\hat{i} - (a_1b_3 - a_3b_1)\hat{j} + (a_1b_2 - a_2b_1)\hat{k}\right]$$

$$+ \left[(a_2c_3 - a_3c_2)\hat{i} - (a_1c_3 - a_3c_1)\hat{j} + (a_1c_2 - a_2c_1)\hat{k}\right]$$

$$\vec{a} \times \vec{b} = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ a_1 & a_2 & a_3 \\ b_1 & b_2 & b_3 \end{vmatrix}$$

$$= (a_2b_3 - a_3b_2)\hat{i} - (a_1b_3 - a_3b_1)\hat{j} + (a_1b_2 - a_2b_1)\hat{k}$$

तथा $\vec{a} \times \vec{c} = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ a_1 & a_2 & a_3 \\ c_1 & c_2 & c_3 \end{vmatrix}$

$$= (a_2c_3 - a_3c_2)\hat{i} - (a_1c_3 - a_3c_1)\hat{j} + (a_1c_2 - a_2c_1)\hat{k}$$

∴ दायाँ पक्ष $= \vec{a} \times \vec{b} + \vec{a} \times \vec{c}$

$$= \left[(a_2b_3 - a_3b_2)\hat{i} - (a_1b_3 - a_3b_1)\hat{j} + (a_1b_2 - a_2b_1)\vec{k}\right]$$

$$+ \left[(a_2c_3 - a_3c_2)\hat{i} - (a_1c_3 - a_3c_1)\hat{j} + (a_1c_2 - a_2c_1)\hat{k}\right]$$

अत: $\vec{a} \times (\vec{b} + \vec{c}) = \vec{a} \times \vec{b} + \vec{a} \times \vec{c}$.

इति सिद्धम्।

**प्रश्न 8. यदि $\vec{a} = \vec{0}$ अथवा $\vec{b} = \vec{0}$ तब $\vec{a} \times \vec{b} = \vec{0}$ होता है। क्या विलोम सत्य है। उदाहरण सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।**

हल : यदि $\vec{a} = \vec{0}$ तब $|\vec{a}| = 0$ ...(i)

तथा $\vec{b} = \vec{0}$ तब $|\vec{b}| = 0$ ...(ii)

$\because$ $\qquad \vec{a} \times \vec{b} = |\vec{a}||\vec{b}| \sin \theta . \vec{n}$

$\therefore$ $\qquad \vec{a} \times \vec{b} = 0$ [समीकरण (i) तथा (ii) से]

परन्तु, यदि $\vec{a} \times \vec{b} = 0$, तो यह आवश्यक नहीं है कि $|\vec{a}| = 0$ या $|\vec{b}| = 0$

मान लीजिए $\qquad \vec{a} = a_1 \hat{i} + a_2 \hat{j} + a_3 \hat{k}$

जबकि $\qquad |\vec{a}| = \sqrt{a_1^2 + a_2^2 + a_3^2} \neq 0$

$$\vec{b} = p\vec{a} = (pa_1)\hat{i} + (pa_2)\hat{i} + (pa_3).\hat{k}$$

$$|p\vec{a}| = p\sqrt{a_1^2 + a_2^2 + a_3^2} \neq 0$$

परन्तु $\qquad \vec{a} \times \vec{b} = \vec{a} \times [p\vec{a}] = p(\vec{a} \times \vec{b}) = 0$

अत: $\qquad \vec{a} \times \vec{b} = \vec{0}$ परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि $\vec{a} \neq 0, \vec{b} \neq 0$ **इति सिद्धम्।**

**प्रश्न 9. एक त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके शीर्ष $A(1, 1, 2)$, $B(2, 3, 5)$ और $C(1, 5, 5)$ हैं।**

**हल :** मान लीजिए शीर्ष $A$ का स्थिति सदिश, $\vec{OA} = \hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k}$

$B$ का स्थिति सदिश, $\vec{OB} = 2\hat{i} + 3\hat{j} + 5\hat{k}$

तथा $C$ का स्थिति सदिश, $\vec{OC} = \hat{i} + 5\hat{j} + 5\hat{k}$

$\therefore$
$$\vec{AB} = \vec{OB} - \vec{OA} = (2\hat{i} + 3\hat{j} + 5\hat{k}) - (\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k})$$
$$= \hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}$$
$$\vec{AC} = \vec{OC} - \vec{OA} = (\hat{i} + 5\hat{j} + 5\hat{k}) - (\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k})$$
$$= 4\hat{j} + 3\hat{k}$$

अब त्रिभुज $ABC$ का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}(\vec{AB} \times \vec{AC})$

$$= \frac{1}{2}(\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}) \times (4\hat{j} + 3\hat{k})$$
$$= \frac{1}{2}\begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & 2 & 3 \\ 0 & 4 & 3 \end{vmatrix}$$
$$= \frac{1}{2}(6 - 12)\hat{i} + (-3)\hat{j} + (4 - 0)\hat{k}$$
$$= \frac{1}{2}(-6\hat{i} - 3\hat{j} + 4\hat{k})$$

$\therefore$ त्रिभुज $ABC$ का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}|\vec{AB} \times \vec{AC}| = \frac{1}{2}|-6\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k}|$

$$= \frac{1}{2}\sqrt{(-6)^2+(-3)^2+4^2}$$

$$= \frac{1}{2}\sqrt{36+9+16} = \frac{1}{2}\sqrt{61}.$$ उत्तर

**प्रश्न 10. एक समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी संलग्न भुजाएँ सदिश $\vec{a} = \hat{i} - \hat{j} + 3\hat{k}$ और $\vec{b} = 2\hat{i} - 7\hat{j} + \hat{k}$ द्वारा निर्धारित हैं।**

हल : दी गयीं समान्तर चतुर्भुज की संलग्न भुजाएँ

$$\vec{a} = \hat{i} - \hat{j} + 3\hat{k}$$

तथा $$\vec{b} = 2\hat{i} - 7\hat{j} + \hat{k}$$

$\therefore$ $$\vec{a} \times \vec{b} = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & -1 & 3 \\ 2 & -7 & 1 \end{vmatrix}$$

$$= (-1+21)\hat{i} - (1-6)\hat{j} + (-7+2)\hat{k}$$

$$= 20\hat{i} + 5\hat{j} - 5\hat{k}$$

समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= |\vec{a} \times \vec{b}| = |20\hat{i} + 5\hat{j} - 5\hat{k}|$

$$= \sqrt{20^2+5^2+(-5)^2} = \sqrt{400+25+25}$$

$$= \sqrt{450} = 15\sqrt{2}.$$ उत्तर

**प्रश्न 11. मान लीजिए सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ इस प्रकार हैं कि $|\vec{a}| = 3$ और $|\vec{b}| = \frac{\sqrt{2}}{3}$, तब $\vec{a} \times \vec{b}$ एक मात्रक सदिश है यदि $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण है :**

(A) $\frac{\pi}{6}$ (B) $\frac{\pi}{4}$ (C) $\frac{\pi}{3}$ (D) $\frac{\pi}{2}$

हल : $\because$ $$\vec{a} \times \vec{b} = |\vec{a}|\cdot|\vec{b}|\sin\theta.n$$

या $$|\vec{a} \times \vec{b}| = |\vec{a}|\cdot|\vec{b}|\sin\theta$$

दिया है : $|\vec{a}| = 3$ तथा $|\vec{b}| = \frac{\sqrt{2}}{3}$

जबकि $|\vec{a} \times \vec{b}| = 1$ इकाई

$\therefore$ $$|\vec{a}|\cdot|\vec{b}|\sin\theta = 1$$

$$3 \times \frac{\sqrt{2}}{3}\sin\theta = 1$$

$$\sin\theta = \frac{1}{\sqrt{2}} = \sin 45°$$

$\therefore$ $$\theta = 45° = \frac{\pi}{4}$$

अत: विकल्प (B) सही है। उत्तर

**प्रश्न 12. एक आयत के शीर्षों *A, B, C* और *D* जिसके स्थिति सदिश क्रमश: $-\hat{i} + \frac{1}{2}\hat{j} + 4\hat{k}$, $\hat{i} + \frac{1}{2}\hat{j} + 4\hat{k}$, $\hat{i} - \frac{1}{2}\hat{j} + 4\hat{k}$, $-\hat{i} - \frac{1}{2}\hat{j} + 4\hat{k}$ हैं, का क्षेत्रफल है :**

(A) $\frac{1}{2}$ (B) 1 (C) 2 (D) 4

हल : $$\vec{AB} = (\hat{i} + \frac{1}{2}\hat{j} + 4\hat{k}) - (-\hat{i} + \frac{1}{2}\hat{j} + 4\hat{k}) = 2\hat{i}$$

$\therefore$ $$|\vec{AB}| = 2$$

अब $$\vec{AD} = (-\hat{i} - \frac{1}{2}\hat{j} + 4\hat{k}) - (-\hat{i} + \frac{1}{2}\hat{j} + 4\hat{k}) = -\hat{j}$$

$\therefore$ $$|\vec{AD}| = 1$$


अत: आयत *ABCD* का क्षेत्रफल $= |\vec{AB}| \times |\vec{AD}|$
$= 2 \times 1 = 2$

अत: विकल्प (C) सही है। उत्तर

## अध्याय 10 पर विविध प्रश्नावली

**प्रश्न 1. *XY*-तल में *x*-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ वामावर्त दिशा में 30° का कोण बनाने वाला मात्रक सदिश लिखिए।**

हल : $\because$ $$x = \cos 30° = \frac{\sqrt{3}}{2}$$



तथा $$y = \sin 30° = \frac{1}{2}$$

जब $\vec{OZ}$ के साथ 90° का कोण बनाता है।

$$\therefore \quad Z = \cos\ 90° = 0$$

$$\therefore \quad \vec{OP} = \hat{i}\cos\theta + \hat{j}\sin\theta + \hat{k} \times 0$$

$$= \frac{\sqrt{3}}{2}\hat{i} + \frac{1}{2}\hat{j}.$$ उत्तर

**प्रश्न 2. बिन्दु $P(x_1, y_1, z_1)$ और $Q(x_2, y_2, z_2)$ को मिलाने वाले सदिश के अदिश घटक और परिमाण ज्ञात कीजिए।**

हल : दिए गए बिन्दु $P(x_1, y_1, z_1)$ और $Q(x_2, y_2, z_2)$ के स्थिति सदिश क्रमश: हैं।

अत: $$\vec{OP} = x_1\hat{i} + y_1\hat{j} + z_1\hat{k}$$

तथा $$\vec{OQ} = x_2\hat{i} + y_2\hat{j} + z_2\hat{k}$$

$$\therefore \quad \vec{PQ} = \vec{OQ} - \vec{OP}$$

$$= (x_2\hat{i} + y_2\hat{j} + z_2\hat{k}) - (x_1\hat{i} + y_1\hat{j} + z_1\hat{k})$$

$$= (x_2 - x_1)\hat{i} + (y_2 - y_1)\hat{j} + (z_2 - z_1)\hat{k}$$


अत: $\vec{PQ}$ के अदिश घटक $= x_2 - x_1, y_2 - y_1, z_2 - z_1$ उत्तर

तथा परिमाण $|\vec{PQ}| = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2 + (z_2 - z_1)^2}.$ उत्तर

**प्रश्न 3. एक लड़की पश्चिम दिशा में 4 km चलती है। उसके पश्चात् वह उत्तर से 30° पश्चिम की दिशा में 3 km चलती है और रुक जाती है। प्रस्थान के प्रारम्भिक बिन्दु से लड़की का विस्थापन ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए $$\vec{r} = \vec{OB}$$

अत: $$\vec{r} = -x\hat{i} + y\hat{j}$$



अब समकोण त्रिभुज $ACB$ से

$$\sin 60° = \frac{y}{3} \text{ या } \frac{\sqrt{3}}{2} = \frac{y}{3} \text{ या } y = \frac{3\sqrt{3}}{2}$$

तथा $$\cos 60° = \frac{4-x}{3} \text{ या } \frac{1}{2} = \frac{4-x}{3} \text{ या } 3 = 8 - 2x$$

या $$2x = 8 - 3 = 5 \text{ या } x = \frac{5}{2}$$

अत: विस्थापन $$\vec{r} = -\frac{5}{2}\hat{i} + \frac{3\sqrt{3}}{2}\hat{j}.$$ उत्तर

**प्रश्न 4. यदि $\vec{a} = \vec{b} + \vec{c}$ तब क्या यह सत्य है कि $|\vec{a}| = |\vec{b}| + |\vec{c}|$ ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।**

हल : दिया है : $$\vec{a} = \vec{b} + \vec{c}$$

मान लीजिए $$|\vec{a}| = |\vec{b}| + |\vec{c}|$$

वर्ग करने पर $$|\vec{a}|^2 = |\vec{b} + \vec{c}|^2 = (\vec{b} + \vec{c})(\vec{b} + \vec{c})$$

$$= \vec{b}.\vec{b} + \vec{b}.\vec{c} + \vec{c}.\vec{b} + \vec{c}.\vec{c}$$

$$= |\vec{b}|^2 + 2(\vec{b}.\vec{c}) + |\vec{c}|^2$$

$$(\because \vec{c}.\vec{b} = \vec{b}.\vec{c},\ \vec{b}.\vec{b} = |\vec{b}|^2; \vec{c}.\vec{c} = |\vec{c}|^2)$$

$$= |\vec{b}|^2 + 2|\vec{b}||\vec{c}|\cos\theta + |\vec{c}|^2$$

जब θ, $\vec{b}$ और $\vec{c}$ बीच का कोण है।

**(i)** यदि $\theta = 0, \cos\theta = 1$

$$|\vec{a}|^2 = |\vec{b}|^2 + 2|\vec{b}||\vec{c}| + |\vec{c}|^2 = (|\vec{b}| + |\vec{c}|)^2$$

$\therefore$ $$|\vec{a}| = |\vec{b}| + |\vec{c}|$$

**(ii)** यदि $\theta \neq 0, \cos\theta \neq 1$

$$|\vec{a}|^2 \neq (|\vec{b}| + |\vec{c}|)^2$$

या $$|\vec{a}| \neq |\vec{b}| + |\vec{c}|$$

अत: यह आवश्यक नहीं है कि $|\vec{a}| = |\vec{b}| + |\vec{c}|$.

**प्रश्न 5. $x$ का वह मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए $x(\hat{i} + \hat{j} + \hat{k})$ एक मात्रक सदिश है।**

हल : मान लीजिए $$\vec{a} = x(\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}) = x\hat{i} + x\hat{j} + x\hat{k}$$

$$|\vec{a}| = \sqrt{x^2 + x^2 + x^2} = \sqrt{3x^2} = x\sqrt{3}$$

मात्रक सदिश के लिए $|\vec{a}| = 1$

$\therefore$ $$x\sqrt{3} = 1 \text{ या } x = \pm\frac{1}{\sqrt{3}}.$$ उत्तर

**प्रश्न 6. सदिशों $\vec{a} = 2\hat{i} + 3\hat{j} - \hat{k}$ और $\vec{b} = \hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}$ के परिणामी के समान्तर एक ऐसा सदिश ज्ञात कीजिए जिसका परिमाण 5 इकाई है।**

हल : मान लीजिए $\vec{a}$ और $\vec{b}$ का परिणामी सदिश $\vec{c}$ है।

$\therefore$ $$\vec{c} = \vec{a} + \vec{b} = (2\hat{i} + 3\hat{j} - \hat{k}) + (\hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k})$$

$$\vec{c} = 3\hat{i} + \hat{j}$$

$\therefore$ $$|\vec{c}| = \sqrt{3^2 + 1^2} = \sqrt{10}$$

दिया है : $|\vec{c}|$ के अनुदिश वह सदिश जिसका परिमाण 5 है।

$$= \frac{5\vec{c}}{|\vec{c}|} = \frac{5.(3\hat{i} + \hat{j})}{\sqrt{10}}$$

$$= \frac{5\sqrt{10}}{10}(3\hat{i} + \hat{j}) = \frac{3\sqrt{10}}{2}\hat{i} + \frac{\sqrt{10}}{2}\hat{j}.$$ उत्तर

**प्रश्न 7. यदि $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}, \vec{b} = 2\hat{i} + \hat{j} + 3\hat{k}$ और $\vec{c} = \hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}$ तो सदिश $2\vec{a} - \vec{b} + 3\vec{c}$ के समान्तर एक मात्रक सदिश ज्ञात कीजिए।**

हल : दिया है : $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}, \vec{b} = 2\hat{i} - \hat{j} + 3\hat{k}$ और $\vec{c} = \hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k}$

$\therefore$ $$2\vec{a} - \vec{b} + 3\vec{c} = 2(\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}) - (2\hat{i} - \hat{j} + 3\hat{k}) + 3(\hat{i} - 2\hat{j} + \hat{k})$$

$$= 3\hat{i} - 3\hat{j} + 2\hat{k}$$

$$|2\vec{a} - \vec{b} + 3\vec{c}| = \sqrt{3^2 + (-3^2) + 2^2} = \sqrt{9 + 9 + 4} = \sqrt{22}$$

$\therefore$ $2\vec{a} - \vec{b} + 3\vec{c}$ के समान्तर मात्रक सदिश $= \dfrac{2\vec{a} - \vec{b} + 3\vec{c}}{|2\vec{a} - \vec{b} + 3\vec{c}|}$

$$= \frac{3\hat{i} - 3\hat{j} + 2\hat{k}}{\sqrt{22}}$$

$$= \frac{3}{\sqrt{22}}\hat{i} - \frac{3}{\sqrt{22}}\hat{j} + \frac{2}{\sqrt{22}}\hat{k}.$$ उत्तर

**प्रश्न 8. दर्शाइए कि बिन्दु $A(1, -2, -8)$, $B(5, 0, -2)$ और $C(11, 3, 7)$ संरेख हैं और $B$ द्वारा $AC$ को विभाजित करने वाला अनुपात ज्ञात कीजिए।**

हल : दिए गए बिन्दुओं $A, B$ तथा $C$ के स्थिति सदिश

$$\vec{OA} = \hat{i} - 2\hat{j} - 8\hat{k},\ \vec{OB} = 5\hat{i} + 0\hat{j} - 2\hat{k}$$

तथा
$$\vec{OC} = 11\hat{i} + 3\hat{j} + 7\hat{k}$$

$\therefore$
$$\vec{AB} = \vec{OB} - \vec{OA} = (5\hat{i} + 0\hat{j} - 2\hat{k}) - (\hat{i} - 2\hat{j} - 8\hat{k})$$
$$= 4\hat{i} + 2\hat{j} + 6\hat{k}$$

$$|\vec{AB}| = \sqrt{4^2 + 2^2 + 6^2} = \sqrt{16+4+36} = \sqrt{56} = 2\sqrt{14}$$

$$\vec{BC} = \vec{OC} - \vec{OB} = (11\hat{i} + 3\hat{j} + 7\hat{k}) - (5\hat{i} + 0\hat{j} - 2\hat{k})$$
$$= 6\hat{i} + 3\hat{j} + 9\hat{k}$$

$$|\vec{BC}| = \sqrt{6^2 + 3^2 + 9^2} = \sqrt{36+9+81} = \sqrt{126} = 3\sqrt{14}$$

तथा
$$\vec{AC} = \vec{OC} - \vec{OA} = (11\hat{i} + 3\hat{j} + 7\hat{k}) - (\hat{i} - 2\hat{j} - 8\hat{k})$$
$$= 10\hat{i} + 5\hat{j} + 15\hat{k}$$

$$|\vec{AC}| = \sqrt{10^2 + 5^2 + 15^2} = \sqrt{100+25+225} = \sqrt{350}$$
$$= 5\sqrt{14}$$

यहाँ
$$|\vec{AC}| = |\vec{AB}| + |\vec{BC}|$$

इसीलिए $A, B, C$ संरेख हैं।

अब $B$ सदिश द्वारा $\vec{AC}$ को विभाजित करने का अनुपात

$$= \frac{|\vec{AB}|}{|\vec{BC}|} = \frac{2\sqrt{14}}{3\sqrt{14}} = \frac{2}{3} = 2 : 3.$$ उत्तर

**प्रश्न 9. दो बिन्दुओं $P(2\vec{a} + \vec{b})$ और $Q(\vec{a} - 3\vec{b})$ को मिलाने वाली रेखा को $1 : 2$ के अनुपात में बाह्य विभाजित करने वाले बिन्दु $R$ का स्थिति सदिश ज्ञात कीजिए। यह भी दर्शाइए कि बिन्दु $P$ रेखाखण्ड $RQ$ का मध्य बिन्दु है।**

हल : दिए गए बिन्दु $P, Q$ के स्थिति सदिश क्रमश: $2\vec{a} + \vec{b}$ और $\vec{a} - 3\vec{b}$ हैं।
बिन्दु $R$ के स्थिति सदिश जो $PQ$ को बाह्य $1 : 2$ के अनुपात में विभाजित करता है।

$$= \frac{1.(\vec{a} - 3\vec{b}) - 2(2\vec{a} + \vec{b})}{1-2} = \frac{-3\vec{a} - 5\vec{b}}{-1} = 3\vec{a} + 5\vec{b}.$$ उत्तर

$\overrightarrow{RQ}$ के मध्य बिन्दु का स्थिति सदिश


$$= \frac{(3\vec{a}+5\vec{b})+(\vec{a}-3\vec{b})}{2} = \frac{4\vec{a}+2\vec{b}}{2} = 2\vec{a}+\vec{b}$$

जो $P$ का स्थिति सदिश है।
अत: $P$, $RQ$ का मध्य बिन्दु है। **उत्तर**

**प्रश्न 10. एक समान्तर चतुर्भुज की संलग्न भुजाएँ $2\hat{i}-4\hat{j}+5\hat{k}$ और $\hat{i}-2\hat{j}-3\hat{k}$ हैं। इसके विकर्ण के समान्तर एक मात्रक सदिश ज्ञात कीजिए। इसका क्षेत्रफल भी ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए समान्तर चतुर्भुज की संलग्न भुजाएँ क्रमशः $\vec{a}$ और $\vec{b}$ हैं।

$$\therefore \quad \vec{a} = 2\hat{i}-4\hat{j}+5\hat{k},\ \vec{b} = \hat{i}-2\hat{j}-3\hat{k},$$




अत: $\vec{a}$ और $\vec{b}$ का विकर्ण $= \vec{a}+\vec{b}$

$$= (2\hat{i}-4\hat{j}+5\hat{k})+(\hat{i}-2\hat{j}-3\hat{k})$$

$$= 3\hat{i}-6\hat{j}+2\hat{k}$$

$$\therefore \quad |\vec{a}+\vec{b}| = |3\hat{i}-6\hat{j}+2\hat{k}|$$

$$= \sqrt{3^2+(-6)^2+(2)^2}$$

$$= \sqrt{9+36+4} = \sqrt{49} = 7$$

$\therefore$ $\vec{a}+\vec{b}$ के समान्तर मात्रक सदिश

$$= \frac{\vec{a}+\vec{b}}{|\vec{a}+\vec{b}|} = \frac{3\hat{i}-6\hat{j}+2\hat{k}}{7}$$

$$= \frac{3}{7}\hat{i}-\frac{6}{7}\hat{j}+\frac{2}{7}\hat{k} = \frac{1}{7}(3\hat{i}-6\hat{j}+2\hat{k}).$$ **उत्तर**

अब समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= |\vec{a}\times\vec{b}|$

या $$\vec{a}\times\vec{b} = (2\hat{i}-4\hat{j}+5\hat{k})\times(\hat{i}-2\hat{j}-3\hat{k})$$

$$= \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 2 & -4 & 5 \\ 1 & -2 & -3 \end{vmatrix}$$

$$= (12+10)\hat{i} - (-6-5)\hat{j} + (-4+4)\hat{k}$$

$$= 22\hat{i} + 11\hat{j}$$

समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= |\vec{a} \times \vec{b}|$

$$= |22\hat{i} + 11\hat{j}|$$

$$= \sqrt{22^2 + 11^2} = \sqrt{605}$$

$$= 11\sqrt{5}.$$ उत्तर

**प्रश्न 11. दर्शाइए कि *OX, OY* एवं *OZ* अक्षों के साथ बराबर झुके हुए सदिश की दिक्-कोसाइन कोज्याएँ $\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}$ हैं।**

हल : माना कि सदिश $\vec{OP}$, $OX, OY$ और $OZ$ के साथ बराबर झुका हुआ है तथा प्रत्येक के साथ समान कोण $\alpha$ बनाता है।

$\therefore$ $\vec{OP}$ की दिक् कोज्याएँ $= \cos\alpha, \cos\alpha, \cos\alpha$

$\therefore$ $\cos\alpha, \cos\alpha, \cos\alpha$ दिक् कोज्याएँ हैं।

$\therefore \quad \cos^2\alpha + \cos^2\alpha + \cos^2\alpha = 1 \qquad (\because l^2 + m^2 + n^2 = 1)$

$\therefore \quad 3\cos^2\alpha = 1$

या $\quad \cos\alpha = \frac{1}{\sqrt{3}}$

अत: दी गयी अक्षों के साथ बराबर झुके हुए सदिश की दिक् कोज्याएँ $\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}$ हैं। **इति सिद्धम्।**

**प्रश्न 12. मान लीजिए $\vec{a} = \hat{i} + 4\hat{j} + 2\hat{k}$, $\vec{b} = 3\hat{i} - 2\hat{j} + 7\hat{k}$, $\vec{c} = 2\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}$ एक ऐसा सदिश $\vec{d}$ ज्ञात कीजिए जो $\vec{a}$ और $\vec{b}$ दोनों पर लम्ब है और $\vec{c} \cdot \vec{d} = 15$.**

हल : दिया है : $\vec{a} = \hat{i} + 4\hat{j} + 2\hat{k}$ और $\vec{b} = 3\hat{i} - 2\hat{j} + 7\hat{k}$

$$\vec{a} \times \vec{b} = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & 4 & 2 \\ 3 & -2 & 7 \end{vmatrix}$$

$$= (28+4)\hat{i} + (6-7)\hat{j} + (-2-12)\hat{k}$$

$$= 32\hat{i} - \hat{j} - 14\hat{k}$$

मान लीजिए $\vec{d} = \lambda(32\hat{i} - \hat{j} - 14\hat{k})$

$\therefore$ $\vec{d}$ सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के लम्ब है।

परन्तु $\vec{c} \cdot \vec{d} = 15$ (दिया है)

$\therefore$ $(2\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}).(\lambda)(32\hat{i} - \hat{j} - 14\hat{k}) = 15$

या $\lambda(64 + 1 - 56) = 15$

या $9\lambda = 15$

$\therefore$ $\lambda = \frac{15}{9} = \frac{5}{3}$

अत: 
$$\vec{d} = \lambda(32\hat{i} - \hat{j} - 14\hat{k})$$
$$= \frac{5}{3}(32\hat{i} - \hat{j} - 14\hat{k})$$
$$= \frac{160}{3}\hat{i} - \frac{5}{3}\hat{j} - \frac{70}{3}\hat{k}$$
$$\vec{d} = \frac{1}{3}(160\hat{i} - 5\hat{j} - 70\hat{k})$$ उत्तर

**प्रश्न 13. सदिश $\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$ का, सदिशों $2\hat{i} + 4\hat{j} - 5\hat{k}$ और $\lambda\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}$ के योगफल की दिशा में मात्रक सदिश के साथ अदिश गुणनफल 1 के बराबर है तो $\lambda$ का मान ज्ञात कीजिए।**

हल : मान लीजिए $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$

$\vec{b} = 2\hat{i} + 4\hat{j} - 5\hat{k}$

तथा $\vec{c} = \lambda\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k}$

सदिशों $\vec{b}$ और $\vec{c}$ का योगफल,

$$\vec{b} + \vec{c} = (2\hat{i} + 4\hat{j} - 5\hat{k}) + (\lambda\hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k})$$
$$= (2 + \lambda)\hat{i} + 6\hat{j} - 2\hat{k}$$
$$|\vec{b} + \vec{c}| = \sqrt{(2+\lambda)^2 + 36 + 4}$$
$$= \sqrt{\lambda^2 + 4\lambda + 4 + 36 + 4}$$
$$= \sqrt{\lambda^2 + 4\lambda + 44}$$

$\vec{b} + \vec{c}$ के अनुदिश मात्रक सदिश $= \dfrac{\vec{b} + \vec{c}}{|\vec{b} + \vec{c}|}$

$$= \frac{(2+\lambda)\hat{i} + 6\hat{j} - 7\hat{k}}{\sqrt{\lambda^2 + 4\lambda + 44}} \text{ (मान लिया)}$$

$\vec{a}$ और $\vec{d}$ का अदिश गुणनफल = 1

$\Rightarrow \quad (\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}) . \dfrac{(2+\lambda)\hat{i} + 6\hat{j} - 2\hat{k}}{\sqrt{\lambda^2 + 4\lambda + 44}} = 1$

या $\quad \dfrac{2+\lambda+6-2}{\sqrt{\lambda^2 + 4\lambda + 44}} = 1$

$$\lambda + 6 = \sqrt{\lambda^2 + 4\lambda + 44}$$

या $\quad (\lambda + 6)^2 = \lambda^2 + 4\lambda + 44$

या $\quad \lambda^2 + 12\lambda + 36 = \lambda^2 + 4\lambda + 44$

$\Rightarrow \quad 8\lambda = 44 - 36 = 8$

$\therefore \quad \lambda = 1.$ **उत्तर**

**प्रश्न 14. यदि $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ समान परिमाणों वाले परस्पर लम्बवत् सदिश हैं तो दर्शाइए कि सदिश $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}$ सदिशों $\vec{a}, \vec{b}$ तथा $\vec{c}$ के साथ बराबर झुका हुआ है।**

**हल :** दिया है कि सदिश $\vec{a}, \vec{b}, \vec{c}$ परस्पर लम्बवत् हैं।

तब $\quad \vec{a} . \vec{b} = \vec{b} . \vec{c} = \vec{c} . \vec{a} = 0$

मान लीजिए $\vec{a}$ और $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}$ के बीच में θ कोण बनता है तथा

$$|\vec{a}| = |\vec{b}| = |\vec{c}| = \lambda \text{ (दिया है)}$$

$\therefore \quad \vec{a} . (\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}) = |\vec{a}| . |\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}| \cos\theta$

या $\quad \vec{a} . \vec{a} + \vec{a} . \vec{b} + \vec{a} . \vec{c} = |\vec{a}| . |\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}| \cos\theta$

या $\quad |\vec{a}|^2 + 0 + 0 = |\vec{a}| |\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}| \cos\theta \qquad [\because \vec{a} . \vec{b} = \vec{a} . \vec{c} = 0]$

या $\quad \lambda^2 = \lambda |\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}| \cos\theta$

$\therefore \quad \cos\theta = \dfrac{\lambda}{|\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}|}$

इसी प्रकार सदिश $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}, \vec{b}, \vec{c}$ के साथ भी यही कोण बनाता है।

अत: यह कहा जा सकता है कि सदिश $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}$, सदिश $\vec{a} + \vec{b} + \vec{c}$ के साथ बराबर झुका हुआ है।

**इति सिद्धम्।**

**प्रश्न 15. सिद्ध कीजिए कि $(\vec{a}+\vec{b}).(\vec{a}+\vec{b}) = |\vec{a}|^2 + |\vec{b}|^2$ यदि और केवल यदि $\vec{a}, \vec{b}$ लम्बवत् हैं। यह दिया हुआ है कि $\vec{a} \neq \vec{0}, \vec{b} \neq \vec{0}$.**

हल : ∵ $(\vec{a}+\vec{b}).(\vec{a}+\vec{b}) = \vec{a}.\vec{a}+\vec{a}.\vec{b}+\vec{b}.\vec{a}+\vec{b}.\vec{b}$

$= |\vec{a}|^2+\vec{a}.\vec{b}+\vec{a}.\vec{b}+|\vec{b}|^2$ $(\because \vec{b}.\vec{a}=\vec{a}.\vec{b})$

$= |\vec{a}|^2+|\vec{b}|^2+2\vec{a}.\vec{b}$

यदि $\vec{a}\perp\vec{b}$, $\vec{a}.\vec{b}=0$

तो $(\vec{a}+\vec{b}).(\vec{a}+\vec{b}) = |\vec{a}|^2+|\vec{b}|^2$

पुनः $(\vec{a}+\vec{b}).(\vec{a}+\vec{b}) = |\vec{a}|^2+|\vec{b}|^2+2\vec{a}.\vec{b}$

$(\vec{a}+\vec{b}).(\vec{a}+\vec{b}) = |\vec{a}|^2+|\vec{b}|^2$ जबकि $\vec{a}.\vec{b}\neq 0$

∴ $(\vec{a}+\vec{b}).(\vec{a}+\vec{b}) = |\vec{a}|^2+|\vec{b}|^2$ जब $\vec{a}.\vec{b}=0$

यदि और केवल यदि $\vec{a}.\vec{b}=0$ अर्थात् $\vec{a}\perp\vec{b}$. इति सिद्धम्।

**प्रश्न 16 से 19 तक के प्रश्नों में सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**प्रश्न 16. यदि दो सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण θ हो तो $\vec{a}.\vec{b} \geq 0$ होगा, यदि :**

(A) $0<\theta<\frac{\pi}{2}$ (B) $0\leq\theta\leq\frac{\pi}{2}$

(C) $0<\theta<\pi$ (D) $0\leq\theta\leq\pi$

हल : $\vec{a}\cdot\vec{b}\geq 0$

⇒ $|\vec{a}||\vec{b}|\cos\theta \geq 0$

अब $|\vec{a}| = |\vec{b}|$ = धनात्मक हो, तब

$\cos\theta\geq 0$

इसीलिए $0\leq\theta\leq\frac{\pi}{2}$

अतः विकल्प (B) सही है। उत्तर

**प्रश्न 17. मान लीजिए $\vec{a}$ और $\vec{b}$ दो मात्रक सदिश हैं और उनके बीच का कोण θ है तो $\vec{a}+\vec{b}$ एक मात्रक सदिश है यदि—**

(A) $\theta=\frac{\pi}{4}$ (B) $\theta=\frac{\pi}{3}$

(C) $\theta=\frac{\pi}{2}$ (D) $\theta=\frac{2\pi}{3}$

हल : $|\vec{a}| = 1$ और $|\vec{b}| = 1$ (दिया है)

तथा $|\vec{a}+\vec{b}| = 1$

या $|\vec{a}+\vec{b}|^2 = 1$

या $(\vec{a}+\vec{b})\cdot(\vec{a}+\vec{b}) = 1$

या $|\vec{a}|^2 + \vec{a}\cdot\vec{b} + \vec{b}\cdot\vec{a} + |\vec{b}|^2 = 1$

या $|\vec{a}|^2 + |\vec{b}|^2 + 2\,\vec{a}\cdot\vec{b} = 1$

या $1+1+2|\vec{a}|\cdot|\vec{b}|\cos\theta = 1$

या $2 + 2 \times 1 \cos\theta = 1$

$$2\cos\theta = -1$$

$$\cos\theta = -\frac{1}{2}$$

$$\theta = \frac{2\pi}{3}$$

अत: विकल्प (D) सही है। उत्तर

**प्रश्न 18. $\hat{i}.(\hat{j}\times\hat{k}) + \hat{j}.(\hat{i}\times\hat{k}) + \hat{k}.(\hat{i}\times\hat{j})$ का मान है—**

(A) 0 (B) – 1 (C) 1 (D) 3

हल : $\hat{i}, \hat{j}, \hat{k}$ परस्पर लम्बवत् इकाई सदिश है।

$\therefore$ $\hat{i}\times\hat{j} = \hat{k},\ \hat{j}\times\hat{k} = \hat{i},\ \hat{k}\times\hat{i} = \hat{j}$

तथा $\hat{i}.\hat{i} = \hat{j}.\hat{j} = \hat{k}.\hat{k} = 1$

$\therefore$ $\hat{i}.(\hat{j}\times\hat{k}) + \hat{j}.(\hat{i}\times\hat{k}) + \hat{k}.(\hat{i}\times\hat{j})$

$$= \hat{i}.\hat{i}.\hat{j}.(\hat{k}\times\hat{i}) + \hat{k}.\hat{k}$$

$$= 1 - \hat{j}.\hat{j} + 1$$

$$= 1 - 1 + 1$$

$$= 1$$

अत: विकल्प (C) सही है। उत्तर

**प्रश्न 19. यदि दो सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण θ हो तो $|\vec{a}.\vec{b}| = |\vec{a}\times\vec{b}|$ जब θ बराबर है :**

(A) 0 (B) $\frac{\pi}{4}$ (C) $\frac{\pi}{2}$ (D) π

हल : $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ के बीच का कोण θ है।

$\therefore \quad |\vec{a} \cdot \vec{b}| = |\vec{a}| \cdot |\vec{b}| \cdot |\cos\theta|$

और $\quad |\vec{a} \times \vec{b}| = |\vec{a}| \cdot |\vec{b}| \cdot |\sin\theta|$

दिया है : $\quad |\vec{a} \cdot \vec{b}| = |\vec{a} \times \vec{b}|$

$\therefore \quad |\vec{a}| \cdot |\vec{b}| \cdot |\cos\theta| = |\vec{a}| \cdot |\vec{b}| \cdot |\sin\theta|$

या $\quad |\cos\theta| = |\sin\theta|$

या $\quad |\tan\theta| = 1$

या $\quad \tan\theta = \tan\frac{\pi}{4}$

या $\quad \theta = \frac{\pi}{4}$

अत: विकल्प (B) सही है। उत्तर